# कटनी से भुसावल एक्सप्रेस के परिचालन समय में आंशिक संशोधन

जबलपुर 27 अगस्त। रेल प्रशासन द्वारा सुचारु परिचलान एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ होने वाली गाड़ी संख्या 19014 कटनी - भुसावल एक्सप्रेस ट्रेन के मार्ग में मथेला से भुसावल के मध्य संचालन में आंशिक संशोधन किया गया है। अर्थात कटनी से तलवड़िया रेलवे स्टेशनों के समय सारिणी में कोई परिवर्तन नहीं किया है। आंशिक संशोधित समय सारिणी का विवरण निम्नानुसार है :-

गाड़ी संख्या 19014 कटनी-भुसावल एक्सप्रेस ट्रेन दिनाँक 01.09.2025 से अपने प्रारम्भिक स्टेशन कटनी से निर्धारित प्रस्थान समय मध्यरात्रि 00:40 बजे कर अपने मार्ग से होते हुए मथेला स्टेशन समय दोपहर 15:19 बजे के बजाय अब दोपहर 14:51 बजे, खंडवा जंक्शन 15:15 बजे, बडगांव गुजर 15:29 बजे, डोंगरगांव 15:54 बजे, सागफाटा 16:04 बजे, नेपानगर 16:18 बजे, बुरहानपुर 16:42 बजे, वाघोडा 16:59 बजे, रावेर 17:09 बजे, निंभोरा 17:19 बजे, सावदा 17:39 बजे पहुँचकर और गंतव्य स्टेशन भुसावल 18:35 बजे पहुंचेगी ।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /रेल मदद 139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर यात्रा प्रारंभ करें।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/336/2025 दिनांक 27.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर